# संहिता एक नज़र में

नैतिकता और ईमानदारी के उच्चतम मानकों के साथ काम करना हमारी सफलता के लिए महत्वपूर्ण है। यह न केवल अच्छी व्यावसायिक समझ बनाता है, परंतु यह एक खुले, ईमानदार वातावरण की हमारी संस्कृति को भी आकार देता है। हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि हर कोई सवालों और चिंताओं को उठाने में व्यस्त और सहज महसूस करे। हमारी आचार संहिता हमारे मानक आचरण की नींव रखती है और हम कैसे काम करते हैं इसके लिए मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। हम सभी को इन दिशानिर्देशों का पालन करना चाहिए और अपने सिद्धांतों के प्रति दृढ़ रहना चाहिए, चाहे हम किसी भी व्यवसाय के दबाव का सामना करें। इन दिशानिर्देशों को संक्षेप में प्रस्तुत किया गया है।

## चिंताएँ रिपोर्ट करना

हमारी कंपनी कर्मचारियों को प्रश्न पूछने और प्रतिशोध के डर के बिना चिंताओं को सूचित करने के लिए प्रोत्साहित करती है। यह हमारी संहिता का प्रमुख घटक है। यदि आपको संहिता या किसी क़ानूनी आवश्यकता के उल्लंघन या संभावित उल्लंघन के बारे में जानकारी मिले, तो आपको उसे तुरंत रिपोर्ट करना होगा। चिंता का मामला उठाने के लिए प्रतिशोध से आपकी रक्षा की जाएगी।

आप अपने प्रबंधक, अगले स्तर के प्रबंधन या मानव संसाधन प्रतिनिधि के साथ प्रश्न या चिंताएँ उठा सकते हैं। आप हमारे एथिक्स हॉटलाइन से 24 घंटे, वर्ष में 365 दिन संपर्क कर सकते हैं और यदि आप चाहें तो गुमनाम रह सकते हैं। ऑनलाइन रिपोर्ट करने या स्थानीय हॉटलाइन नंबर प्राप्त करने के लिए, जहां उपलब्ध हो, आप https://brinkshotline.ethicspoint.com (30 से अधिक भाषाओं में उपलब्ध) पर हॉटलाइन तक पहुंच सकते हैं।

नैतिकता हॉटलाइन को एक स्वतंत्र कंपनी परिचालित करती है जो संचालन के लिए कंपनी को रिपोर्ट अग्रेषित करती है।

## BRINK'S और उसके हितधारकों के प्रति सम्मान

### अभिलेखों और रिपोर्टों की सटीकता

हम संपूर्ण, सटीक और समयोचित वित्तीय और व्यापार अभिलेख रखते हैं।  हम ग़लत या भ्रामक प्रविष्टियाँ, अभिलेख या रिपोर्ट नहीं बनाते हैं। यदि हमें ग़लत या भ्रामक प्रविष्टियों या अभिलेखों के बारे में जानकारी या संदेह हो, तो हम उसे कंपनी को सूचित करते हैं।

### लेखा-परीक्षा, जाँच-पड़ताल और पूछताछ का उत्तर देना

हम जाँच-पड़ताल के संबंध में और आंतरिक तथा बाह्य लेखा-परीक्षकों के अनुरोध के जवाब में सटीक और समय पर जानकारी प्रदान करते हैं। हम कभी भी ग़लत या भ्रामक बयान नहीं देते हैं और हम आसन्न या चालू जाँच-पड़ताल से संबंधित सभी दस्तावेज़ों को बनाए रखते हैं और कभी भी ऐसे दस्तावेज़ों को छिपाकर नहीं रखते, उनमें परिवर्तन नहीं करते या उन्हें नष्ट नहीं करते हैं।

### भेदिया व्यापार (इन्साइडर ट्रेडिंग) को निषिद्ध करनेवाले क़ानूनों का अनुपालन

जब हमारे पास सार्वजनिक नहीं की गई महत्वपूर्ण जानकारी होती है, तब हम शेयर या अन्य प्रतिभूतियों को नहीं बेचते हैं या उनमें व्यापार करते हैं। हम ऐसी ग़ैर-सार्वजनिक जानकारी को ऐसे किसी व्यक्ति के साथ साझा नहीं करते हैं जो शेयर या अन्य प्रतिभूतियों को ख़रीदने, बेचने या व्यापार करने में उस जानकारी का उपयोग कर सकते हैं।

### गोपनीय जानकारी की रक्षा

हम कंपनी और जिनके साथ हम कारोबार करते हैं उनके बारे में गोपनीय जानकारी की रक्षा करते हैं। सामान्यतः जानकारी के मालिक द्वारा सार्वजनिक रूप से ख़ुलासा किए जाने तक जानकारी गोपनीय रहती है। Brink's के भीतर, हम गोपनीय जानकारी केवल उन लोगों के साथ साझा करते हैं जिन्हें अपने ओहदे से संबंधित कार्यभारों को पूरा करने के लिए इस जानकारी की ज़रूरत होती है।

### कंपनी की संपत्ति और संसाधनों का संरक्षण

हम सुनिश्चित करते हैं कि कंपनी की संपत्ति और संसाधनों का दुरुपयोग न हो, और वे गुम, नष्ट या बर्बाद नहीं किए जाते हैं। हम कंपनी की संपत्ति का अनुचित व्यक्तिगत लाभ या अन्य किसी अनुचित प्रयोजन के लिए उपयोग नहीं करते हैं।

### BRINK'S के ब्रांड और अन्य बौद्धिक संपदा का रक्षण

Brink's ब्रांड कंपनी के अत्यंत मूल्यवान संपत्तियों में से एक है, और हम तृतीय पक्षों द्वारा उसके और हमारी अन्य बौद्धिक संपदाओं के अनुचित रूप से उपयोग किए जाने से रक्षा करते हैं। हम दूसरों की बौद्धिक संपदा का सम्मान करते हैं, और उचित प्राधिकरण के बिना उनकी बौद्धिक संपदा का उपयोग या ख़ुलासा नहीं करते हैं।

### हितों में टकराव से बचना

हम ऐसे कार्य और गतिविधियों से बचते हैं जो कंपनी के सर्वोत्तम हित में कार्य करने की हमारी जिम्मेदारी से टकराते हैं या टकराते हुए नज़र आते हैं। टकराव उस समय उत्पन्न होता है जब हमारी व्यक्तिगत, सामाजिक या वित्तीय गतिविधियाँ Brink's के प्रति हमारी निष्ठा के साथ हस्तक्षेप करें या संभावित रूप से हस्तक्षेप करें।

### उपहार और मनोरंजन

उपहार, भोजन, यात्रा व्यय या व्यावसायिक मनोरंजन देना या प्राप्त करना स्वीकार्य होगा जब वह उचित मूल्य का हो और किसी मान्य व्यावसायिक प्रयोजन से संबंधित हो। हम कोई अनुचित लाभ प्राप्त करने या तृतीय पक्ष की निर्णय-प्रक्रिया को प्रभावित करने के लिए इन गतिविधियों में लिप्त नहीं होते हैं, या यदि इन गतिविधियों में संलग्न होने से किसी क़ानून या उपहार के प्राप्तकर्ता के स्वयं के नियमों का उल्लंघन होता है। हम इन गतिविधियों से तब भी बचते हैं जब इनके कारण किसी अनुचितता का आभास ही क्यों न हो।  नकद या नकद समतुल्य उपहार उपयुक्त नहीं हैं। हम सरकारी संस्थाओं, अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ विशेष रूप से सावधानी बरतते हैं, क्योंकि अक्सर इनके संबंध में विशेष नियम लागू होते हैं।

### हमारे सार्वजनिक संप्रेषणों में सावधानी बरतना

हम Brink's के हितधारकों के लिए सही और सटीक संप्रेषणों का समर्थन करते हैं। हम कंपनी के रूप में एक स्वर में बोलते हैं। इसके लिए, Brink's के केवल कुछ कर्मचारियों को कंपनी की ओर से बोलने के लिए प्राधिकृत किया गया है। इसमें सामाजिक माध्यमों के ज़रिए संप्रेषण भी शामिल हैं, जहाँ भी वे ही नियम लागू होते हैं – केवल प्राधिकृत कर्मचारी कंपनी की ओर से संप्रेषण के लिए सामाजिक माध्यमों का उपयोग कर सकते हैं।

# संहिता एक नज़र में

## एक दूसरे के प्रति सम्मान

### न्यायोचित और एकसमान व्यवहार

हम सभी कर्मचारियों के लिए एकसमान अवसर को बढ़ावा देते हैं और योग्यता, अनुभव, योगदान एवं निष्पादन के आधार पर नियोजन संबंधी निर्णय लेते हैं। हम किसी ऐसे कारक के आधार पर भेदभाव नहीं करते हैं जो कार्य निष्पादित करने के लिए व्यक्ति की योग्यता और क्षमता से संबंधित न हो।

### कर्मचारी गोपनीयता और डेटा रक्षण

हम कर्मचारियों के व्यक्तिगत डेटा और जानकारी का सम्मान करते हैं।  हम व्यक्तिगत जानकारी केवल कंपनी के व्यवसाय के लिए आवश्यक होने पर एकत्रित करते हैं और केवल वैध व्यावसायिक ज़रूरत वालों के समक्ष इस जानकारी का ख़ुलासा करते हैं।

### उत्पीड़न-मुक्त कार्यस्थल

हम हर किसी के साथ गरिमा और सम्मान सहित एवं उत्पीड़न, धमकी और अन्य अनुचित या अपेशेवरीय आचरण से मुक्त व्यवहार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसमें धमकी देने, डराने, नीचा दिखाने या अपमानजनक मौखिक या शारीरिक व्यवहार भी शामिल हैं।

### सुरक्षित एवं निरापद कार्यस्थल

हम कंपनी की सुरक्षा एवं निरापदता नीतियों और प्रक्रियाओं तथा लागू होंने वाले स्वास्थ्य एवं सुरक्षा क़ानूनों का अनुपालन करते हैं। हम कर्मचारियों के धमकी, भय, आक्रामक व्यवहार और हिंसा के अन्य स्वरूपों से मुक्त कार्यस्थल उपलब्ध कराते हैं।

## ग्राहकों और बाज़ार के प्रति सम्मान

### क़ानून का अनुपालन

हम जहाँ कहीं भी परिचालन करते हैं वहाँ क़ानून का पालन करते हैं। अमेरिकी सार्वजनिक कंपनी के रूप में, हमें कुछ अमेरिकी क़ानूनों का भी पालन करना होता है जो हमारे ग़ैर-अमेरिकी सहायक कंपनियों के मामले में लागू होती हैं। यदि कभी किसी क़ानूनी आवश्यकता और संहिता के बीच कोई अंतर मौजूद हो, तो हम उनमें से जो मानक अधिक सख़्त हो, उसे लागू करते हैं। हम विधि विभाग को उल्लंघन या संदिग्ध उल्लंघनों की जानकारी देते हैं।

### हमारे कारोबार में शामिल लोगों के साथ न्यायोचित लेन-देन

हम अपने ग्राहकों और हमारे साथ लेन-देन करने वाले अन्य लोगों के साथ न्यायोचित व्यवहार करते हैं, और हम उनके साथ केवल सच्ची और ईमानदार जानकारी साझा करते हैं।  हम हेराफेरी, छिपाव, गोपनीय जानकारी के दुरुपयोग या तथ्यों की ग़लत बयानी के ज़रिए किसी का अनुचित लाभ नहीं उठाते हैं।

### अनुचित भुगतान

हम व्यवसाय प्राप्त करने या बनाए रखने, किसी व्यक्ति के कार्यों या निर्णयों को प्रभावित करने, या अनुचित लाभ उठाने के लिए कोई भुगतान नहीं करते हैं, या मूल्य की कोई चीज़ देते हैं या उनकी पेशकश करते हैं। उपहार देने, भोजन या मनोरंजन प्रदान करने या यात्रा व्यय का भुगतान करने का बारीक़ी से मूल्यांकन यह सुनिश्चित करने के लिए किया जाता है कि इनके पीछे कोई अनुचित मक़सद या अनुचित मक़सद का आभास न हो।

### नैतिकता के साथ और क़ानूनी तौर पर प्रतिस्पर्धा

हम अपना व्यवसाय नैतिकता के साथ और जहाँ कहीं हम परिचालित करते हैं, वहाँ स्पर्धारोधी क़ानूनों के अनुपालन में संचालित करते हैं। हम प्रतियोगियों के साथ अपनी व्यावसायिक जानकारी या प्रथाओं को साझा नहीं करते हैं और हम मूल्य, बोलियाँ, बाज़ार, क्षेत्र या रणनीति जैसे संवेदनशील विषयों के संबंध में प्रतिस्पर्धियों के साथ कोई समझौता नहीं करते हैं। हम यथासंभव प्रतियोगियों के साथ सीमित संपर्क रखते हैं और सुनिश्चित करते हैं कि यदि उनके साथ संपर्क होता भी है तो वह उचित मंच पर और उचित तरीक़े से हो।

### काला धनशोधन के प्रति संरक्षण

हम केवल सम्मानित कंपनियों के साथ लेन-देन करने का प्रयास करते हैं। हम काले धन को वैध बनाने का समर्थन नहीं करते या उसे सुसाध्य नहीं बनाते हैं और अनजाने में काले धनशोधन की योजनाओं या अन्य अवैध गतिविधियों में शामिल होने से बचने की कोशिश करते हैं। हम प्रयोज्य काला धनशोधन रोधी क़ानूनों का अनुपालन, हमारे ग्राहकों की अभिरुचियों से अवगत बनकर और ग्राहकों तथा संभाव्य ग्राहकों की संदिग्ध गतिविधियों के बारे में सचेत रहकर करते हैं।

### अंतर्राष्ट्रीय व्यापार प्रतिबंधों का अनुपालन

हम विशिष्ट देशों, संस्थाओं और लोगों के साथ व्यापार को प्रतिबंधित करने वाले प्रयोज्य क़ानूनों का पालन करते हैं। इन क़ानूनों में शामिल हो सकते हैं बहिष्कार-विरोधी क़ानून, प्रतिबंधित या दंडित देशों, संस्थाओं या व्यक्तियों  से या उनको आयात या निर्यात का संचालन करन वाले प्रतिबंध, और प्रतिबंधित या दंडित देश, संस्था या व्यक्ति को सेवा प्रदान करने पर निषेध।

## हमारे समुदायों के प्रति सम्मान

### एक अच्छे कॉर्पोरेट नागरिक के रूप में कारोबार करना

हम जिन समुदायों में व्यवसाय चलाते हैं वहाँ एक अच्छे नागरिक बने रहना हमारी ज़िम्मेदारी है। हम सार्वभौम मानव अधिकारों का सम्मान करते हैं और मानवाधिकारों के हनन की निंदा करते हैं। हम नाबालिगों के नियोजन के संबंध में, स्थानीय, राज्य, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय क़ानूनों का अनुपालन करते हैं।

### क़ानून के अनुपालन में राजनीतिक प्रक्रिया में संलग्न होना

Brink’s आम तौर पर अपनी राजनीतिक कार्रवाई समिति के माध्यम से राजनीतिक योगदान करता है। कंपनी के योगदान लागू होन वाले क़ानून का अनुपालन करते हैं। जब हम किसी राजनीतिक प्रक्रिया में व्यक्तिगत रूप से भाग लेते हैं, तो हम अपनी व्यक्तिगत राय व्यक्त करते हैं और कंपनी की ओर से राय या विचार व्यक्त नहीं करते हैं।